हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 8 जुलाई 2025
नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

04 सिविल लाइन पुलिस ने पांच चोरों से 9 लाख 40 हजार...

07 चातुर्मास के लिए सिद्धपुर नगरी में मुनी अक्षय सागर...


## खबर संक्षेप

### बीजों के विक्रेता को लाइसेंस लेना अनिवार्य

**सीहोर।** औषधीय फसलों एवं सब्जी, मसाला, पुष्प के बीजों का व्यापार करने वाले व्यापारी को उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लिये बिना विक्रय नहीं किया जा सकता है। व्यापार करने के लिये विक्रेता उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लेना अनिवार्य किया गया है। बिना बीज लायसेंस के व्यापार करते पाये जाने पर विक्रेताओं के विरूद्ध बीज अधिनियम-1966 एवं बीज नियंत्रण आदेश 1983 में उल्लेखित प्रावधान अनुसार वैधानिक कार्यवाही की जायेगी, जिसकी जवाबदेही सम्बन्धित निजी बीज विक्रेता की रहेगी।

### कभी भी दे सकेंगे जीवन प्रमाण पत्र

**सीहोर।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) में पेंशनरों को दी जाने वाली सुविधाओं में एक नई सुविधा शामिल की गई है। ईपीएफ के दायरे में आने वाले रिटायर्ड कर्मचारी अब साल भर में कभी भी जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। अभी तक साल भर में सिर्फ एक बार नवंबर में जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने की सुविधा थी। पेंशनरों की सहूलियत के लिए अब ईपीएफओ ने नई व्यवस्था की है।

### 5 रुपए में मिलेगा नवीन विद्युत कनेक्शन


**सीहोर।** विद्युत वितरण कंपनी कार्यक्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को अब मात्र 5 रुपये में नवीन घरेलू कनेक्शन उपलब्ध कराना शुरू कर दिया है। कंपनी ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले उपभोक्ताओं को अब केवल 5 रूपये में नवीन विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। यह नया घरेलू कनेक्शन उन लोगों को मिलेगा जो कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के घरेलू फीडर से नियमानुसार कनेक्शन लेने की पात्रता रखते हैं। कंपनी ने बताया कि इसके लिए ग्रामीणजन नवीन कनेक्शन के लिए आवेदन सरल संयोजन पोर्टल के माध्यम से कर सकते हैं।

### शहर सहित अंचल में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों को लेकर हरिभूमि ने जानी जनप्रतिनिधि व आमजनता की प्रतिक्रिया

# स्मार्ट मीटर: कांग्रेस हो रही हमलावर, भाजपा मौन, बंदूकधारी गार्डों को देख जनता भयभीत

स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं के बिल चार से पांच गुना बढ़कर आ रहे हैं। इससे उपभोक्ताओं में आक्रोश देखा जरा है। लोग इसका लगातार विरोध कर रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



विद्युत वितरण कंपनी शहर सहित अंचल में स्मार्ट मीटर लगाने का काम कर रही है। कंपनी द्वारा सीहोर संभाग में 67 हजार स्मार्ट मीटर लगाए जाने का लक्ष्य है, जिसके विपरीत अब तक 13 हजार मीटर लगाए जा चुके हैं। इधर स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं के बिल 4 से 5 गुना बढक़र आ रहे हैं, इससे लोगों में जबरदस्त आक्रोश देखा जा रहा है। आए दिन मुख्यालय सहित अंचल में उपभोक्ताओं द्वारा विरोध जाताया जा रहा है तो आम जनता के इस विरोध को मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस का भी समर्थन मिल गया है। धरना-गांधीगिरी के माध्यम से कांग्रेस भी सरकार पर हमलावर है, लेकिन इस पूरे मामले में सत्ताधारी दल स्थानीय बीजेपी नेता चुप्पी साधे बैठे हैं। हरिभूमि समाचार पत्र ने स्मार्ट मीटर को लेकर जनप्रतिनिधि व आम जनता की प्रतिक्रिया जानी।

#### अब तक हुए प्रदर्शन

- ग्राम निपानियां के सैकड़ों ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।
- ग्राम अहमदपुर के ग्रामीणों ने जताया विरोध।
- कांग्रेस ने धरना प्रदर्शन कर सरकार पर किया जुबानी हमला।
- कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने बंदुकधारी गार्डों को पहनाई फूलमाला।

लोगों का कहना है कि घरों में पहले से विद्युत मीटर लगे हुए हैं, बावजूद उन्हें बदलकर नए स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। स्मार्ट मीटर लगने के बाद से 300-400 रुपए आने वाला बिल हजारों में पहुंच गया है। जिन घरों में ताला लगा है, उन घरों में भी भारी भरकम बिजली के बिल आ रहे हैं। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बंदुकधारी गार्डों के साथ स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, ऐसे में बंदुकधारी गार्डों को देखकर विरोध जताने में भी डर लग रहा है। यह सब कुछ अच्छा नहीं हो रहा है।

#### अब तक लगे 13 हजार स्मार्ट मीटर

मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के उप महाप्रबंधक के अनुसार आरडीएसएस योजना अंतर्गत सीहोर संभाग में लगभग 67 हजार 51 स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें से लगभग 13 हजार 680 स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके है एवं शेष मीटर लगाए जा रहे हैं। कंपनी का दावा है कि कुल स्मार्ट मीटर की संख्या में 05 प्रतिशत स्मार्ट मीटरों में चेक मीटर भी स्थापित किए जाते है ताकि स्मार्ट मीटर की कार्य प्रणाली को चेक किया जा सके।

#### उपभोक्ताओं की परेशानी

##### जलने के बाद भी जल रही लाइट



स्मार्ट मीटर गड़बड़ है। मेरे घर के पास लगी डीपी में फाल्ट होने के बाद मेरे घर का स्मार्ट मीटर पूरी तरह से जल गया था, बावजूद मेरे घर की बिजली सप्लाई जारी है। बिजली कंपनी के अधिकारियों को भी अवगत कराया था। कर्मचारी आए भी, लेकिन कह गए कि यह उपभोक्ता की ही जिम्मेदारी है।

-कपिल परसैया, नागरिक

##### आम जनता को साथ देना चाहिए



स्मार्ट मीटर लूट की पराकाष्ठा को पार कर रहे है। जिन घरों में नियमित रूप से बिल 200-400 आता था, अब हजारों में आ रहा है। इस महंगाई के दौर आम जनता हजारों रुपएके बिल कहां से भरेगी। आम जनता ही जनप्रतिनिधियों को आगे बढ़ाती है, जब आज आम जनता परेशान हैं तो जनप्रतिनिधियों को भी आम जनता का साथ देना चाहिए।

-प्रिंस खत्री, नागरिक

##### स्मार्ट मीटर लगने के बाद आए बिल

- स्मार्ट मीटर लगने के बाद अन्ना डोसे वाला का बिल 48000 रुपए आया।
- जगदीश मंदिर के समीप रामकिशन सूरजमल का बंद मकान का बिल 16000 आया।
- शिवाजी नगर में बंद पड़े मकान की 242 यूनिट रीडिंग बनी, बिल आया 1760 रुपए।

#### भाजपा और कांग्रेस का मत



भाजपा नेताओं को भी दलगत राजनीति से ऊपर उठकर आम जनता के साथ खड़े होकर इस महंगाई के दौर में सरकार द्वारा थोपे जाने वाली इस नई समस्या का विरोध करना चाहिए और जनता को राहत दिलाना चाहिए। कांग्रेस पूरी तरह से आम जनता के साथ है। आम जनता को जब हजारों रुपए के बिल से राहत नहीं मिल जाती है, तब तक कांग्रेस अनवरत आवाज उठाती रहेगी।

-राजीव गुजराती, जिलाध्यक्ष कांग्रेस



जनहितेषी कार्यों के लिए किसी भी जनप्रतिनिधि पार्टी नहीं देखना चाहिए। इन दिनों स्मार्ट मीटर को लेकर शहर की जनता खासी परेशान हैं। बावजूद सत्तादल के नेताओं ने चुप्पी साध रखी है। यह ठीक नहीं है। जनता के लिए सभी को एक साथ रोड पर उतरना चाहिए, तभी हम जनता से लिए वोट का कर्ज अदा कर पाएंगे। इस मामले में कांग्रेस हर परिस्थिति में जनता के साथ है।

निशांत वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सीहोर



किसी का भी अहित न हो सरकार इस विषय में लगातार विद्युत विपतरण कंपनी के अधिकारियों के साथ बैठक कर रही है। सीहोर विधानसभा क्षेत्र में भी विधायक सुदेश राय व अन्य जनप्रतिनिधि प्रयासरत है, जिन मीटरों में गड़बड़ी की बात सामने आ रही है उसमें सुधार कराया जाएगा। विधानसभा क्षेत्र की जनता निश्चिंत रहे। भारतीय जनता पार्टी हर परिस्थिति में जनता के साथ है।

-सुदीप प्रजापति, मंडल अध्यक्ष सीहोर

## नादान रोड पर भू-स्खलन का खतरा, चालकों में भय का माहौल

**सीहोर।** जिले में झमाझम बारिश का दौर जारी है। लोगों द्वारा अच्छी बारिश की कामना की जा रही है। लगातार हो रही बारिश की वजह से चट्टानों-पहाड़ों पर मिट्टी-पत्थर गिरने की स्थिति बनने लगी है।

ताजा मामला इछावर-नादान रोड का आया, जहां भू-स्खलन की वजह से चट्टान से एक बड़ा सा पत्थर गिरकर सडक़ पर आ गया। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन इस भू-स्खलन ने वाहन चालकों में डर का माहौल पैदा कर दिया है। आपको बता दें इछावर-नादान रोड के दोनों पर



ऊंची-ऊंची पहाडनुमा चट्टाने हैं। इन चट्टानों पर बड़े-बड़े पत्थर हैं। इधर लगातार हो रही बारिश की वजह से इन चट्टानों पर मिट्टी गिरने लगी है। ऐसे में चट्टानों से लगी सडक़ों पर सफर करना अब सुरक्षित नहीं रहा। रविवार की सुबह ही इछावर-नादान रोड पर चट्टान से एक बड़ा भारी पत्थर पर बीचों बीच सडक़ पर आ गिरा। हालांकि इश्वरीय कृपा से इस दौरान कोई जनहानि नहीं हुई है, लेकिन इस मार्ग पर फिलहाल ट्रॅफिक थम गया और वाहन चालक डर की वजह से इधर से उधर नहीं निकल रहे हैं।

### स्थान-स्थान पर गहूली कर अगवानी की गई

## नलखेड़ा में जिनचंद्रसूरि का मंगल प्रवेश हुआ, समाजजनों ने चल समारोह निकाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



नलखेड़ा में जिनचंद्र सूरि महाराज का सोमवार को मंगल प्रवेश हुआ। समाजजनों द्वारा नगर में चल समारोह निकाला गया। स्थान - स्थान पर समाजजनों द्वारा गुरुदेव के समक्ष गहूली कर उनकी अगवानी की गई। मंगल प्रवेश समारोह में देश के कई स्थानों से आए गुरु भक्तों द्वारा भाग लिया गया।

जिनचंद्रसूरि म.सा. के सानिध्य में प्रथम बार गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन 10 जुलाई को मां बगलामुखी रिसोर्ट में होने जा रहा है। आयोजन में हजारों गुरु भक्त पहुंचकर गुरु भक्ति का परिचय देंगे वहीं श्री पूज्यजी अपने सभी भक्तों को अपना मंगलमय आशीष प्रदान करेंगे। जिनचंद्र सूरि जी महाराज साहब का 7 जुलाई की प्रातः नागेश्वर तीर्थ से नलखेड़ा नगर आगमन हुआ। जहां मंगल प्रवेश का चल समारोह 9:15 बजे हाई सेकेंडरी स्कूल के सामने जायसवाल कॉलोनी स्थित दिनेश ताराचंदजी फाफरिया के नवीन निवास स्थान से ढोल ढ़माको एवं बैंड बाजा के साथ नगर में निकाला गया।

इसके पूर्व फाफरिया परिवार की ओर से नवकारसी का कार्यक्रम रखा गया। मंगल प्रवेश का चल समारोह प्रमुख मार्गो से होता हुआ जिन मंदिर पहुंचा जहां पर गुरुदेव एवं साध्वी मंडल द्वारा चैत्य वंदन कर परमात्मा के दर्शन किए। चल समारोह के दौरान स्थान स्थान पर समाज जनों तथा नगर के गुरु भक्तों द्वारा गुरुदेव के समक्ष अक्षत से गहूली कर अगवानी की गई। जैन आराधना भवन पर गुरुदेव श्री के मंगलमय प्रवचन हुए। गुरुदेव श्री मां बगलामुखी मार्ग स्थित एमबीआर रिसोर्ट में रुकेंगे। जहां आप श्री की पावन निश्रा में 9 जुलाई तक सत्य साधना का कार्यक्रम होगा। 9 जुलाई रात्रि 7 बजे से सुप्रसिद्ध भजन गायक परम गुरु भक्त पिंटू स्वामी की भजन संध्या का कार्यक्रम भी रखा गया है।

10 जुलाई को प्रातः 9 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ गुरु पूर्णिमा महोत्सव का कार्यक्रम एमबीआर रिसोर्ट में जिनचंद्र सूरि महाराज साहब एवं भावी श्री पूज्य यति अमृत सुंदरजी महाराज साहब, यति श्री सुमति सुंदरजी महाराज साहब, आर्या श्री समकित प्रभा श्रीजी महाराज के सानिध्य में संपन्न होगा।

## झमाझम बारिश का दौर : बरगी डैम के 9 गेट खुले, नर्मदा में बढ़ेगा जलस्तर, सीहोर में अलर्ट

**सीहोर।** प्रदेश भर में झमाझम बारिश का दौर जारी है। प्रदेश के कई जिलों में अति भारी बारिश हो रही है। भारी बारिश की वजह से नदी-तालाब सभी लबालब हो गए हैं, जबकि कई जिलों में नर्मदा नदी का जल स्तर भी खतरे के निशान पर आ गया है। इधर लगातार हो रही बारिश की वजह से बरगी बांध से रविवार को पानी छोड़ा गया है, जिसकी वजह से नर्मदा नदी में भी जलस्तर बढ़ेगा। इसे लेकर सीहोर जिला प्रशासन अलर्ट है। कलेक्टर बालागुरू ने



भी नर्मदा तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों से अपील की रगी बांध के 9 गेट खुलेण्गौरतलब है कि रानी अवंति बाई लोधी सागर परियोजना बरगी बांध के जलस्तर को नियंत्रित करने इस सीजन में पहली बार रविवार को दोपहर लगभग 12 बजे इसके 21 में से 9 स्पिल-वे गेट औसतन 1.33 मीटर की ऊंचाई तक खोल दिये गये हैं और इनसे 52 हजार 195 क्यूसेक प्रति सेकंड पानी छोड़ा जा रहा है। कलेक्टर ने की अपीललगातार हो रही वर्षा के कारण बरगी बांध का जलस्तर बढ़ रहा है। बांध में पानी का लेवल मेंटेन करने के लिए बांध से पानी छोड़ा गया। इधर जिला कलेक्टर बालागुरु के. ने निचले क्षेत्र के रहवासियों से अपील की है कि वे नर्मदा तट के प्रभावित इलाकों में नही जाएं।

अलर्ट पर जिलामालूम हो कि प्रदेश सहित जिले में बारिश का स्ट्रांग सिस्टम एक्टिव है, इस सिस्टम की वजह से जिले में बारिश का दौर जारी है। मौसम ने आगामी चार दिन जिले में भारी बारिश की संभावना जताई है।

### समय पांडिया ने उत्तीर्ण की सीए परीक्षा



**नलखेड़ा।** नवीन पांडिया के पुत्र समय पांडिया ने चार्टेड एकाउंटेंट (सीए) की परीक्षा उत्तीर्ण की। परीक्षा उत्तीर्ण कर सीए बनने की उनकी सफलता पर परिजनों व इष्टमित्रों द्वारा बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### प्रियांशु बने सीए



**नलखेड़ा।** नगर के घनश्याम खंडेलवाल के पुत्र प्रियांशु खंडेलवाल ने सीए की परीक्षा उत्तीर्ण कर सुयश प्राप्त किया है। प्रियांशु खंडेलवाल के सीए बनने पर परिजनों व इष्टमित्रों द्वारा बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

## नगर के मध्य नप के सफाईकर्मी लगा रहे कचरे का ढेर



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

जब जिम्मेदार स्वयं गंदगी या कचरे का ढेर लगाएंगे तो वे नगरवासियों से स्वच्छता की अपेक्षा कैसे कर पाएंगे। इसी तरह का मामला नगर में हो रहा है जिसमें नगर पंचायत के सफाईकर्मी स्वयं नगर के मध्य स्थित एक मैदान में कचरे का ढेर लगा रहे हैं जोकि एक ट्रेचिंग ग्राउंड के समान दिखाई देना लगा है।

नगर के शिवाजी चौराहे के समीप स्थित प्राथमिक कृषि सहकारी साख संस्था के समीप एक बड़े मैदान में नगर परिषद के सफाईकर्मी कचरा डाल रहे है। कचरे का यह ढेर इस मैदान को ट्रेचिंग ग्राउंड बना रहा है। हवा में उड़कर कचरा सारे मैदान में पहुंच रहा है वही इससे उठने वाली बदबू से सोसायटी कर्मचारियों के साथ ही आसपास के रहवासी भी परेशान हैं। इस संबंध में पूर्व में भी समाचार का प्रकाशन किया गया था लेकिन सफाईकर्मियों द्वारा यहां कचरा डालना बंद नहीं किया है। एक ओर नगर परिषद नगरवासियों से स्वच्छता की उम्मीद करती है वहीं दूसरी ओर स्वयं नगर परिषद के सफाईकर्मी स्वयं गदंगी फैलाने का कार्य कर रहे हैं। जिससे यह सिद्ध हो रहा है कि नगर परिषद स्वच्छता के लिए कितनी गंभीर है।

### जैन आराधना भवन में धर्म सभा का आयोजन, जिनचंद्र सूरि महाराज बोले...

## सत्य साधना के माध्यम से अपने भीतर की शक्तियों को जगाओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा





सत्य साधना के माध्यम से आप अपने भीतर की शक्तियों को जगाओ। जिंदगी का कोई भरोसा नहीं है, अगला क्षण हमें मिले या न मिले। सत्य साधना टर्निंग के रास्ते में संसार के जितने भी कार्य हैं उन कार्यों को बाधक मत बनने दो, जितने भी कार्य है उन्हें रुकावट मत बनने दो। जो मिटने वाला है उसे हम अमिट मानकर जी रहे हैं। गुरु पर श्रद्धा हो तो ऐसी हो जैसी एकलव्य की थी।

जैन आराधना भवन में सोमवार को आयोजित धर्मसभा में जिनचंद्र सूरि महाराज ने उपस्थित समाजजनों के समक्ष यह बात कही। उन्होंने कहा कि नलखेड़ा नगर की बगलामुखी पीठ शक्तिपीठ है, यहां नल दमयंती ने हजारों साल तक साधना की। यह शक्तिपीठ हमें प्रेरणा देती कि हम सबके भीतर जो अनंत शक्ति है, अपार शक्ति है, असीम शक्ति है, उस शक्ति को जगाने की इच्छा जागृत करें। सत्य साधना हमारे भीतर की शक्ति को जगाने का काम करती है। हमारे अंतर्मन में झांकने का काम करती है, हमें अपने स्वयं से परिचय करवाने का काम करती है।

सत्य साधना में प्रवेश के लिए तीन टर्निंग पॉइंट है पहला गुणदर्शी होना, दूसरा समदर्शी होना, तीसरा स्वदर्शी होना। स्वदर्शिता से हम सर्वदर्शिता में प्रवेश करें। हमारे भीतर एक अंतर नाद जगाए कि संसार के सभी प्राणियों का खूब मंगल हो, भला हो, कल्याण हो, संसार के सभी प्राणी मैत्री भाव से रहे जो जीव हमें दिखाई नहीं दे रहा उसको भी हमारे द्वारा किसी प्रकार का कष्ट तथा किसी प्रकार का दुःख न हो इतनी सजगता बनाये रखने का नाम ही साधना है। उन्होंने कहा कि हम रोज ऐसी ऐसी घटनाएं देख रहे हैं जो हमारे जीवन को झंझोर देती है। प्रमाद, मुछा में रहने का समय नहीं है। जागृत बने ऐसे लोगों की संगति में रहे जो जाग चुके हैं, जाग ही नहीं जो जीत चुके हैं अपने जीवन को। गुरुदेव ने कहा कि शरीर एकमात्र नोका है, मन आपका नाविक है, भवसागर से तैरकर पार हो जाओ। धर्मसभा को समकितप्रभा ने संबोधित करते हुए कहा कि सत्य साधना की शक्ति से दुनिया में सब कुछ बदला जा सकता है। हमारा जीवन विकारग्रस्त होकर बंधनों में बंधा है उसे सत्य साधना की शरण में जाकर इन सबसे मुक्त बनाना होगा। उन्होंने कहा कि नकारात्मकता के भाव हमारी दिनभर की ताजगी को छीन लेते हैं, सत्य साधना हमें जीना सिखाती है, हमारी खुशियां व हमारी प्रसन्नता इस बात पर निर्भर करती है कि परिस्थितियों कैसी भी आती है तो हमें बिखरना नहीं, निखरना चाहिए। लेकिन हम समस्याएं आने पर बिखर जाते हैं। सत्य साधना का कवच आपके पास है तो आप समस्या आने पर भी निखर जाओगे।

धर्म सभा को चातुर्मास हेतु विराजित रत्न निधि म.सा. ने संबोधित कर कहा कि महापुरुषों का मिलना अपने आप में बड़ा ही दुर्लभ होता है। बिना सत्संग के जीवन में सत्यता का संचार नहीं हो सकता। सत्य साधना में प्रवेश के तीन चेक पोस्ट होते हैं जहां से गुजर कर हम इसमें प्रवेश कर सकते हैं। पहला स्वयं के दोषों का परिमार्जिन करना होगा। दूसरा पर गुणों को हमें अपने जीवन में सम्मान कर आदर व श्रद्धा के भाव जागृत करना। मैत्री भावों को संचय करना। उन्होंने कहा कि महापुरुषों का वात्सल्य भाव सदैव अपने भक्तों पर जागृत रहता है।

धर्म सभा के प्रारंभ में समाज की चंदा प्रभु बहू मंडल की सदस्याओं द्वारा भजन के माध्यम से गुरु की महत्ता पर प्रकाश डाला। समाज की नन्ही बालिकाएं हितांशी सकलेचा तथा कविशा सकलेचा ने नृत्य के माध्यम से जीवन में गुरुदेव की महिमा पर प्रस्तुति दी। पुण्यनिधि म.सा. द्वारा मंगलाचरण की प्रस्तुति नवकार महामंत्र के माध्यम से दी गई।

**खबर संक्षेप**

## इंदौर ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्याम सिंह चावड़ा का किया स्वागत



**भौरासा।** नेवरी फाटा पर स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर पर भक्तों का जमावड़ा सुबह 5 बजे से लगे रहता है। इस दौरान मंदिर पर इंदौर ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा ने बाबा खाटू श्याम के दर्शन किए। उनका मंदिर समिति के द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान फूल सिंह पटेल, विक्रम सिसोदिया, राधे-राधे, विजेंद्र पटेल, वीरेंद्र गौड़, रूप सिंह नागर , राहुल नागर, भीम यादव,लाखन पटेल, कप्तान सिंह बड़वाया, लाखन त्रिमूर्ति , शैलेंद्र पटेल ने स्वागत किया। जहा जिला अध्यक्ष चावड़ा ने मंदिर की पूरी विशेषता के बारे में सुना और बाबा का आशीर्वाद लिया। यहा पर प्रतिदिन दिन भक्तों का आवागमन होता रहता है। देवशयनी एकादशी पर यहा पर लगभग 20 हजार भक्तों ने बाबा खाटू श्याम के दर्शन किए एवं मन्नत पूरी होने पर बच्चो का फल व मिठाई से तुलादान भी किया गया। दिन में महिला मंडल के द्वारा कीर्तन किया गया एवं रात्रि को बाबा की ज्योत जलाई गई और महा आरती हुई। आरती के बाद संकीर्तन हुआ, जिसमें भजन गायिका अदिती तापड़िया, इंदौर से भजन गायक अभिषेक व्यास, देवास से पिंटू राव खुटखेड़ा ने बाबा को मीठे-मीठे भजनों से रिझाया।

### अलकापुरी और चाणक्यपुरी में हुई चोरी की वारदातों का पुलिस ने किया खुलासा

# सिविल लाइन पुलिस ने पांच चोरों से 9 लाख 80 हजार का सामान किया जब्त

### सिविल लाइन थाना पुलिस ने चोरी की दो घटनाओं का किया पर्दाफाश, दो नाबालिग सहित पांच आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



दो माह पूर्व शहर के अलकापुरी स्थित एक मकान में चोरी की घटना पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर प्रकरण को विवेचना में लिया था। वहीं चाणक्यपुरी क्षेत्र में बाइक चोरी की वारदात भी हुई थी। थाना सिविल लाइन पुलिस ने आरोपियों की धरपकड़ के लिए टीम का गठन किया था। आरोपियों को पकडऩे के लिए पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे खंगाले साथ ही मुखबिरों की मदद भी ली गई। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर दो आरोपियों सहित दो नाबालिग आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से चार बाइक एक इको कार व आभूषणों सहित 9 लाख 80 हजार रुपए का मश्रूका जप्त किया। नवागत सिविल लाइन थाना प्रभारी हितेश पाटील ने बताया कि गत 9 अप्रैल को फरियादी शैलेंद्र पिता शिवप्रसाद कुमार के घर चोरी की वारदात हुई। वहीं चाणक्यपुरी से एक बाइक चोरी की घटना भी सामने आई। पुलिस दोनों ही प्रकरणों को गंभीरता से लेकर जांच शुरू की। पुलिस ने घटना स्थलों के सीसीटीवी कैमरे खंगाले व मुखबिर सक्रिय किए। इसी बीच आरोपियों के बारे में मुखबिर से सूचना मिली। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी की सामाग्री जब्त कर सोमवार को न्यायालय में पेश किया।

### बाइक व कार के साथ आभूषण जब्त

इस मामले को लेकर थाना प्रभारी हितेश पाटील ने बताया कि तीन बाइक और एक इको कार औद्योगिक थाना क्षेत्र से चोरी हुई थी व एक बाइक शुजालपुर से चोरी हुई थी। आरोपियों से वाहन जब्त कर लिए हैं। दोनों प्रकरणों में दो आरोपी चोरी की वारदात में व तीन आरोपी वाहन चोरी में गिरफ्तार किए गए हैं। इनमें दो नाबालिक भी है। आरोपियों के पास से 9 लाख 80 हजार रुपए की सामाग्री जब्त की है।

उन्होंने बताया कि एक आरोपी कुशाल व उसके नाबालिग साथी के पास से घर में चोरी की सामाग्री जिसमें सोने के पेंडल, कान की बाली, अंगूठी सहित अन्य सामाग्री जब्त की है जिनकी अनुमानित किमत करीब 90 हजार रुपए है। वहीं आरोपी विशाल, कार्तिक व इनके नाबालिग साथी से सिविल लाइन थाना क्षेत्र से चोरी गई बजाज पल्सर वाहन जब्त की है। जिसकी अनुमानित किमत 40 हजार रुपए है। औद्योगिक थाना क्षेत्र से चोरी हुई इको कार, बाइक व शुजालपुर मंडी से चोरी गई बाइक, कालापीपल थाना क्षेत्र से चोरी गई बाइक जब्त किया है।

### इन आरोपियों को किया गिरफ्तार

पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी कुशाल पिता मनीष मुकंदे उम्र 19 वर्ष निवासी लक्ष्मण नगर देवास, विशाल पिता महेश परमार उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम बुडलाई जिला शाजापुर, कार्तिक पिता रामप्रसाद बोडाना उम्र 19 वर्ष निवासी इंद्रानगर बीराखेड़ी देवास है। इनके साथ ही शाजापुर जिले से एक नाबालिग व एक देवास के आरोपी को गिरफ्तार किया है।




### इनका रहा सराहनीय कार्य

आरोपियों को गिरफ्तार करने में सिविल लाइन थाना प्रभारी हितेश पाटील, सउनि राकेश तिवारी, प्रआर पवन पटेल, सुरेश कुमावत, आर मातादीन, अरुण चावड़ा, अंतरसिंह परमार की सराहनीय भूमिका रही।

# शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

### बिजली कर्मचारियों से की थी मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

26 जून को फरियादी अश्विन पिता बाबूलाल चावड़ा निवासी जमना विहार कॉलोनी देवास द्वारा थाना औद्योगिक क्षेत्र में आकर रिपोर्ट दर्ज करावाई गई कि वे विद्युत विभाग के कर्मचारी हैं । वर्ष 2009 में बिजली चोरी के एक प्रकरण में आज़ाद पिता वजीर मंसूरी निवासी पाल नगर देवास पर जुर्माना लगाया गया था, जिसकी राशि जमा नहीं की गई थी।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर जब कर्मचारी आज़ाद मंसूरी से वसूली के लिए पहुंचे, तब आज़ाद मंसूरी व उसके पुत्र इलियास मंसूरी ने गाली-गलौच कर मारपीट की तथा शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न की। साथ ही जान से मारने की धमकी दी। रिपोर्ट पर से थाना औद्योगिक क्षेत्र में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। प्रकरण में



आरोपी आज़ाद मंसूरी को 26 जून को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेजा गया । सह-आरोपी इलियास मंसूरी फरार था सोमवार को मुखबिर की सूचना के आधार पर गिरफ़्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जाकर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र शशिकांत चौरसिया, प्रआर विष्णु दांगी एवं आर अजय जाट की सराहनीय भूमिका रही।

# लापता व्यक्ति का शव खेत में मिला, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर मेंढकी रोड़ स्थित आनंद नारायण पार्क के पास रहने वाले विनोद वर्मा का शव सोमवार सुबह एक कॉलोनी से लगे खेत में मिला। विनोद रविवार रात से लापता था। परिजनों ने रात 9 बजे सिविल लाइन थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

इसके बाद परिजन रातभर विनोद की तलाश करते रहे। सोमवार सुबह खेत में शव मिलने की सूचना पर सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी जमा हो गए। वहीं परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए मामले की गहन जांच की मांग की है।वहीं पुलिस जांच में मृतक के पास से सुसाइड नोट मिला है। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। दो बेटियों के पिता विनोद वर्मा की मौत के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

# चुनावी वादों में उलझा ग्राम माकडिया पहुंच मार्ग स्कूली बच्चों सहित आम जन हो रहे परेशान





हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

चुनाव के दौरान राजनेता व उनके आसपास घूमने वाले नेता गांव में पहुंचकर बड़े-बड़े वादे कर वोट तो ले लेते है, लेकिन चुनाव जितने के बाद सारे वादे भूल जाते हैं। बागली विधानसभा की ग्राम पंचायत अवल्दा के अंतर्गत आने वाले ग्राम मकड़िया के लोग आज भी बदहाल मार्ग से परेशान है। कच्चा मार्ग होने के कारण बारिश के दिनों में पूरा मार्ग कीचड़ में तब्दील हो गया है। वहीं गड्ढों में पानी भरा होने के कारण आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस मार्ग पर वाहन एवं पैदल गुजरना भी दुश्वार हो गया है। वर्तमान में क्षेत्र में बारिश का सिलसिला अभी शुरू ही हुआ है और अभी से ही बदहाल माकडिया मार्ग के कारण आम जन परेशान है। बता दे कि ग्रामीण सहित स्कूली बच्चे भी इस मार्ग से गुजरते हैं, जो कि कई बार पैर फिसलने से कारण गिर जाते हैं और उनकी ड्रेस भी खराब हो जाती है। ग्राम मकड़िया का मुख्य मार्ग इंदौर बैतूल हाईवे मार्ग पर स्थित ग्राम अमरपुर से गुजरता है जो कि इन दिनों बदहाल है। बीच में कालीसिंध नदी भी पड़ती है, जिस पर भी बड़ा पुल नहीं बन पाया है। ग्रामीण नरेंद्र पटेल चेतन सेंधव, अनार सिंह आदि ने बताया कि चुनाव के दौरान नेता आते हैं और बड़े-बड़े वादे करके जाते हैं, लेकिन चुनाव जीतने के बाद आज तक वादे पूरे नहीं किए। 2023 के विधानसभा चुनाव में भी चुनाव लड़ने वाले नेता सहित उनके आसपास घुमने वाले समर्थक भी गांव में आए थे। मार्ग को लेकर बड़ी-बड़ी बातें करते हुए वादा किया था कि चुनाव जीतने के बाद मार्ग को बनवा दिया जाएगा, लेकिन आज तक दो वर्ष बीतने को है किसी ने भी इस ओर ध्यान नहीं दिया। क्षेत्र के कुमारसिंह ,संदीप, राहुल सिंह ,धर्मेंद्र पटेल, लोकेश सिंह, सुरेश ,लखन आदि ने बताया कि बदहाल मार्ग के कारण आमजन काफी परेशान है, खासकर स्कूली छोटे बच्चों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लगातार ग्रामीण पक्के मार्ग निर्माण कि मांग कर रहे हैं, लेकिन कोई भी जिम्मेदार इस ओर ध्यान देना उचित नहीं समझ रहा है।

**रोड हो गया सेंक्शन**

उक्त मार्ग प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत सेंक्शन हो गया है, हालांकि इस का काम कब शुरू होगा अभी कुछ कहा नहीं जा सकता।
**रवि मस्कोले,** रोजगार सहायक सचिव पंचायत अवल्दा

## इस्कॉन केंद्र में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, हर रविवार होता है भक्ति और शांति का अद्भुत संगम



**देवास।** शामलात रोड महेश्वरी भवन में स्थित इस्कॉन (इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस) केंद्र में हर रविवार को एक दिव्य और भक्तिमय संध्या का आयोजन होता है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु सहभागिता करते हैं। इस्कॉन देवास के प्रमुख आनंदमय प्रभु ने बताया कि इसी कडी में रविवार को इस्कॉन केन्द्र पर शाम 5 बजे से 8 बजे तक भक्तिमय आयोजन हुआ। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण की कथा, संकीर्तन, आरती और महाप्रसाद का आनंद लिया। प्रभु ने बताया कि यह साप्ताहिक आयोजन केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक यात्रा है, जो आत्मा को गहराई से शांति और भक्ति की अनुभूति कराता है। श्रीमद्भागवत कथा के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन भक्तों के हृदय को भाव-विभोर कर देता है। कथा के उपरांत सामूहिक संकीर्तन होता है, जिसमें सभी भक्त आनंद और श्रद्धा से झूमते हैं। आरती के समय मंत्रों की गूंज और दीपों की प्रकाशमयी आभा वातावरण को पूरी तरह पवित्र बना देती है। कार्यक्रम के अंत में भक्तों को महाप्रसाद वितरित किया जाता है, जिसे प्रभु की कृपा मानकर श्रद्धा से स्वीकार किया जाता है। इस्कॉन देवास केंद्र ने इस भक्ति परंपरा को नगरवासियों के लिए एक साप्ताहिक आध्यात्मिक संबल के रूप में विकसित किया है। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे इस आयोजन में सहभागी बनकर अपने जीवन में भक्ति, शांति और सेवा का संचार करें।

## संस्था मां शारदा इंदौर का नगर में सहारा कार्यक्रम का आयोजन 11 जुलाई को

**भौरासा।** नगर में संस्था मां शारदा इंदौर द्वारा लगातार कई आयोजन किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में ऐसे बच्चे जिनके पिता नहीं हैं या माता पिता दोनों ही नहीं है और वह अध्ययन कर रहे हैं जिनकी उम्र11 साल तक की है, उन्हें सहायता के रूप में आर्थिक मदद दी जाएगी जिसमें बच्चों का रजिस्ट्रेशन गुलमोहर प्रिंटिंग प्रेस पर किया जा रहा हैं।संस्था संयोजक एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी इंदौर अपने पिता पंडित रामाधार द्विवेदी मास्टर साहब तथा मित्र सुमति जैन इंदौर की स्मृति में यह आयोजन प्रतिवर्ष करते हैं जिसे सहारा नाम दिया गया है। गत तीन वर्षों से आयोजन किया जा रहा है। वही सावन माह की शुरुआत में ही पार्थिव शिवपिण्ड निर्माण तथा रुद्राभिषेक का धार्मिक आयोजन भी किया जा रहा है। गौरतलब रहे कि धार्मिक आस्था के इस आयोजन की ऋंखला आसपास के गांवों में भी सराहीं जाती है और इन आयोजनों में महिलाओं द्वारा भक्ति भाव से हिस्सेदारी की जाती है। उक्त जानकारी संस्था के संतोष वर्मा, केदार यादव, चेनसिह यादव, जीवन यादव ने प्रदान की ।

### देश की उन्नति और हिंदू राष्ट्र की कामना के साथ अमरनाथ यात्रियों का दल रवाना

# जिले के यात्री करेंगे बाबा बर्फानी के प्राकृतिक स्वरूप के दर्शन






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास/चापड़ा

जम्मू कश्मीर की बर्फीली पर्वत श्रृंखलाओं मे अमरनाथ गुफा पर बाबा बर्फानी का बड़ा प्राकृतिक स्वरूप प्रकट हो गया है। भगवान शिव के प्राकृतिक स्वरूप को देखने के लिए जिले भर से कई दल रवाना हो रहे हैं। देश प्रदेश की उन्नति और हिंदू राष्ट्र की घोषणा की कामना लेकर 28 वर्षों से लगातार बाबा बर्फानी के सर्वप्रथम दर्शन का सौभाग्य प्राप्त करने वाले शिवशक्ति सेवा मंडल के युवा शैलेन्द्र सिंह गौड़ के नेतृत्व में 7 जुलाई, सोमवार को 8 यात्रियों का पहला जत्था बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए भोले की फौज करेगी मौज का नारा लगाते के साथ रवाना हुआ। प्रतिवर्ष अमरनाथ यात्रियों को फार्म, पंजीयन, मेडिकल फिटनेस एवं अन्य जानकारियां उपलब्ध करवाकर श्रद्धालुओं को प्रेरित करने वाले गौड़ ने बताया कि जिले में लगभग 2000 एवं सम्पूर्ण देश में अभी तक 4 लाख से अधिक दर्शनार्थियों का पंजीयन हो चुका है। अमरनाथ यात्रा पर जा रहे गौड़ सहित जत्थे में शामिल अंकुश जाधव, अरूण राठौड, गुलशन, बालचंदानी, विशाल चौहान, सुमित शर्मा, धर्मेन्द्र राणा, माखन ठाकुर का स्वागत सुभाष चौक पर शिवशक्ति नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा पुष्पमाला से किया गया। सभी यात्रियों ने बाबा चिंताहरण महादेव, खेड़ापति हनुमान मंदिर, महांकाल बाबा, चंद्रेश्वर महादेव, बलदेव दर्शन एवं माता-पिता का आशीर्वाद लेकर अपनी यात्रा प्रारंभ की।

इस अवसर पर पार्षद अजय पडियार, रवि कसेरा, राजकुमार ठाकुर, राजू कुमावत, विक्रम सिंह गौड आदि ने पुष्पमाला पहनाते हुए सकुशल यात्रा की शुभकामनाए देते हुए विदाई दी। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अमरनाथ यात्रियो को रवानगी के पूर्व नीम, गुलमोहर, बिलवपत्र पौधों और बीज उपहार स्वरूप भेंट किए गए। सभी यात्री यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर जहां-जहां विश्राम करेंगे वहां पर बीजों का रोपण कर पौधारोपण हेतु आमजनों को जागरूक करेंगे। जिससे पर्यावरण की रक्षा व वातावरण स्वच्छ रहे।अमरनाथ यात्रा के दौरान शैलेन्द्रसिंह गौड़ एवं जत्थे में शामिल दर्शनार्थी यात्रा मार्ग में लगने वाले भंडारे के पांडालों में भी सेवा देते है। पिछले वर्षो में यात्रा के दौरान एक और जहां भारी हिमपात व बारिश से उत्पन्न प्राकृतिक बाधाओं को पार करते बाबा बर्फानी के दर्शनार्थ पंहुचे। इस दौरान उन्होंने अन्य भयग्रस्त यात्रियों को भी साहस प्रदान करते हुए भंडारे के पांडालों पर सेवाएं दी।

### अमरनाथ यात्रियों का जत्था हुआ रवाना

**चापडा।** अमरनाथ यात्रा के लिए चापड़ा से सोमवार के दिन एक जत्था रवाना हुआ। डॉक्टर जे.सी. यादव ने बताया कि प्रतिवर्ष चापड़ा से नगर, प्रदेश व देश की सुख शांति की कामना को लेकर अमरनाथ यात्रा की जाती है। उसी के चलते सोमवार के दिन मनकामेश्वर महादेव मंदिर हाटपिपल्या रोड पर पंडित शरद उपाध्याय व्दारा सभी यात्रियों से पूजा अर्चना कराते हुए आरती की गई व अमरनाथ यात्रा के लिए यात्री रवाना हुए। इस दौरान सभी यात्रियों का मंदिर पर पुष्प माला से स्वागत किया गया और सभी परिजनों की उपस्थिति में 10 दिवसीय अमरनाथ यात्रा के लिए विदाई दी गई। यात्रा में डॉ जे सी यादव, उपसरपंच शांति लाल यादव, दयाराम यादव ,मनोहर लाल यादव, रामनारायण यादव, कांतिलाल पाटीदार ,गौरव दुग्गड ,कमल पाटीदार, पप्पू पाटीदार डॉक्टर विजय कृष्ण विश्वास, विनीत विश्वास ,घनश्याम पाटीदार ,किशोर पाटीदार, जितेन्द्र पाटीदार को स्वागत विदाई दी गई। इस दौरान गंगाराम पाटीदार, प्रहलाद पाटीदार, लक्की जैन, दिनेश पाटीदार, सोनू पाटीदार, गिरधारी शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# पेट्रोल पंपों पर खाद्य, नागरिक आपूर्ति विभाग कर रहा चेकिंग




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देश पर खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा शहर के पेट्रोल पंपों पर जांच का अभियान शुरू किया गया है। यह कार्रवाई हाल ही में मुख्यमंत्री और मंत्रियों के वाहनों में मिलावटी ईंधन की शिकायत के बाद प्रदेशभर में शुरू किए गए निरीक्षण अभियान के तहत की जा रही है।

शहर में विभाग के अधिकारी दिनेश कुमार अहिरवार के नेतृत्व में टीम ने सोमवार को उज्जैन रोड़ स्थित भारत पेट्रोलियम के चामुंडा पेट्रोल पंप पर पहुंचकर पेट्रोल की गुणवत्ता और मात्रा की जांच की। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पेट्रोल के सैंपल लिए और मौके पर जांच की कार्रवाई की। अहिरवार ने बताया कि पेट्रोल में मिलावट के साथ-साथ कम मात्रा देने की शिकायतों पर भी पंप संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

इसके अलावा पेट्रोल पंपों पर उपभोक्ताओं को मूलभूत सुविधाएं जैसे पेयजल, शौचालय, और एयर पंप उपलब्ध कराना अनिवार्य है, जिन पंपों पर ये सुविधाएं नहीं पाई जाएंगी, एसे पंप संचालकों को भी नोटिस देकर नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी। खाद्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह निरीक्षण आगे भी लगातार जारी रहेंगे और उपभोक्ताओं को शुद्ध ईंधन और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है।

खबर संक्षेप

## सकल हिंदू समाज के अध्यक्ष बने अनिल

**आष्टा।** सकल हिंदू समाज की बैठक में सर्वसम्मति से अनिल श्रीवास्तव को अध्यक्ष और नरेंद्र कुशवाह को सह-अध्यक्ष चुना गया। यह निर्णय नगर के नागरिकों, समाजसेवियों और विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में हुआ। पहले अध्यक्ष पद के लिए पांच नाम सामने आए थे। इनमें मुकेश नामदेव, राजेंद्र जायसवाल, अनिल धनगर, अनिल श्रीवास्तव और नरेंद्र कुशवाह शामिल थे। बाद में समाज की एकता को प्राथमिकता देते हुए मुकेश नामदेव, राजेंद्र जायसवाल और अनिल धनगर ने अपने नाम वापस ले लिए। इसके बाद सर्वसम्मति से अनिल श्रीवास्तव और नरेंद्र कुशवाह का चयन हुआ। अनिल श्रीवास्तव पूर्व में भी संस्था के अध्यक्ष रह चुके हैं। उनके नेतृत्व में कई धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रम सफलतापूर्वक हुए हैं। नरेंद्र कुशवाह कुशवाह समाज के जिला अध्यक्ष हैं। वे जनसेवा के कार्यों में लगातार सक्रिय रहे हैं। एकता, सहयोग और भारतीय सनातन संस्कृति का संरक्षण ही संस्था का उद्देश्य संस्था का उद्देश्य समाजों में एकता, सहयोग और भारतीय सनातन संस्कृति का संरक्षण है। संस्था राम नवमी, हनुमान जयंती, जन्माष्टमी, श्रीकृष्ण रथयात्रा, शौर्य दिवस और गुरुपूर्णिमा जैसे आयोजन करती रही है। अनिल श्रीवास्तव ने सभी सदस्यों का आभार जताया।

## नगर प्रशासन की सद्बुद्धि के लिए नर्मदाअष्टक का पाठ किया

**नर्मदापुरम।** जैसा कि श्री समर्पण श्री संस्था जनहित करी मुद्दों पर लगातार कुछ महीनो से नगर पालिका प्रशासन को अपनी मांगों को लेकर अड़ा हुआ है यह वह मांग है जिसमें नगर के समस्त नागरिकों को सुख सुविधा उपलब्ध हो लगातार ज्ञापन और आंदोलन के माध्यम से संस्था अपनी मांगों को लेकर नगर प्रशासन को अवगत कराता रहा है इसके बावजूद भी नगर प्रशासन द्वारा उनकी मांगों पर कोई भी कार्रवाई नहीं की जा रही है इसी आंदोलन के क्रम में श्री समर्पण श्री संस्था ने मां जीवन दायिनी जिसके नाम पर हमारा नगर का भी नाम है उनका सहारा लिया।

### ब्रह्मपुरी स्थित पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंचे मुनी संघ

# चातुर्मास के लिए सिद्धपुर नगरी में मुनी अक्षय सागर ने किया मंगल प्रवेश

श्रद्धालुओं के साथ इन्द्र देवता ने भी तप और तपस्या सम्राट मुनिश्री अक्षय सागर जी का फुहारों से किया सुस्वागत, बालकों के दिव्य घोष ने समां बांधा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



दिगंबर जैन संत शिरोमणि समाधिस्थ आचार्य विद्यासागर महाराज और पट्टाचार्य आचार्य समय सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि अक्षय सागर महाराज ने ससंघ नगर में रविवार को मंगल प्रवेश किया। इस दौरान बडी संख्या में श्रद्धालु ने भक्ति भाव से ओतप्रोत हो पिपल्या मीरा से विहार पद यात्रा में शामिल होकर जय घोष के साथ भजन कीर्तन करते हुए चिंतामणि पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर स्थित ब्रह्मपुरी पहुंचे। जहां मुनिश्री अक्षय सागर जी ससंघ ने श्री चिंतामणि श्री परसनाथ भगवान की प्रतिमा के दर्शन कर आराधना की।

श्रावक श्राविकाओ ने तपस्या सम्राट मुनि अक्षय सागर ससंघ का बेसब्री से इंतजार कर थे। श्रद्धालुओं ने श्रध्दा भक्ति के साथ पद प्रक्षालन कर वंदना आरती कर मंगल प्रवेश पर भक्ति में लीन हो हर्षोल्लास के अगवानी कर शोभायात्रा का शुभारंभ की। श्रावक श्राविकाओ के साथ महान तप और तपस्वी मुनि अक्षय सागर ससंघ का इंद्र देवता ने भी पानी कि फोहारो से सुस्वागत वंदन अभिनन्दन किया। शोभायात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने अनुशासन के साथ पारम्परिक वस्त्र महिलाओं ने केसरिया रंग कि पोशाक वही पुरुष वर्ग सफेद पोशाक में भगवान महावीर का संदेश जियो और जीने दो, विश्व का कल्याण अहिंसा से हों सकता है । आचार्य श्री और मुनिश्री के जय घोष भजन कीर्तन करते हुए चल रहे थे।

### आकर्षण का केंद्र वीर सेवा दल के बालकों के दिव्य घोष ने भक्ति भाव से समा बांधा



पाठशाला के छात्रों। का संगठन वीर सेवा दल के बालकों ने दिव्य घोष देशना के साथ बैंड बाजो की धुन पर भाव विभोर हो नृत्य करते हुए चल रहे थे । शोभायात्रा का अनेक स्थानो धर्म प्रेमी बंधुओं ने मुनिश्री के पद प्रक्षालनकर आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया। वही शोभायात्रा में चल रहे श्रधदालुओ का स्वागत सत्कार किया। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई श्रीं पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर स्थित छावनी पहुंची जहां सकल जैन समाज, दिगंबर जैन पंचायत कमेटी ट्रस्ट समिति के सदस्यों ने, महिला मंडलों की पदाधिकारियों ने, युवकों के संगठन श्री वर्धमान सेवा समिति, वीर सेवा दल , एवं अन्य युवक संगठनों के सदस्य मंदिरों के पदाधिकारियों ने समाज के प्रवक्ता विमल जैन ने सीहोर के पत्रकार साथियों की ओर से श्रीफल भेंटकर चातुर्मास के लिए पुनः अनुनय-विनय के साथ आग्रह किया। मंगलाचरण श्रीमती प्रतिभा जैन ने गायन किया। जैन समाज अध्यक्ष अजय जैन ने नगर के प्राचीन मंदिर जी का और समाज के उत्कृष्ट धार्मिक अनुष्ठान पर विस्तार से बताया। संचालन महामंत्री अशोक कुमार जैन ने किया , उपाध्यक्ष देवचन्द्र जैन, कोषाध्यक्ष विमल कुमार जैन ने भी विचार व्यक्त किए। धर्म सभा में श्रावक श्राविकाओ को संबोधित करते हुए आशीष वचन में बताया कि हमारे वंशज चोबिस तीर्थंकरों ने राज्य पाट, वेभव का त्याग कर अहिंसा धर्म में लीन हो राजा महाराजाओ ने जीव मात्र का चिंतन करते हुए कठिन से कठिन समय में तप तपस्या से मोक्ष गये जिनका हम गर्भ कल्याणक से लेकर मोक्ष कल्याणक पावन पर्व के रूप में श्रध्दा और भक्ति से मनाकर प्रेरणा लेते हैं। विस्तार से बताया कि क्षण भर में कैसे प्रत्येक जीव की रक्षा, जीव दया, आत्मा के कल्याण के लिए वीतरागी वेराग़्य मोक्ष गये। जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ जिनका साम्राज्य सूर्य उदय से सूर्य अस्त तक था। मान सम्मान,वेभव का त्याग कर वीतरागी, वेराग्य, कि ओर चल पड़े। वर्षों वर्ष तप तपस्या कर मोक्ष गये यह जैन धर्म दर्शन है। संध्या को मुनिश्री के सानिध्य में गुरु भक्ति संगीत मय भजन कीर्तन श्रावक श्राविकाओ ने कर धर्म लाभ अर्जित किया।

### जसपाल सिंह अरोरा ने की अक्षय सागर महाराज की अगवानी

दिगंबर जैन समाज के प्रसिद्ध संत अक्षय सागरजी महाराज का सीहोर में आगमन हुआ है। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व जिला पंचायत व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने उनका आशीर्वाद प्राप्त किया एवं उनकी भव्य अगवानी की। इस दौरान श्री अरोरा ने उनके चरणों में श्रीफल भी अर्पित किया। श्री अरोरा ने कहा कि दिगंबर जैन समाज के प्रसिद्ध संत अक्षय सागरजी महाराज का सीहोर में आगमन हुआ है। वे सीहोर में ही चतुर्मास करेंगे। इस दौरान उनके प्रवचन होंगे तो वहीं धार्मिक शिक्षण, गुरूभक्ति भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि सिद्धपुर की नगरी सीहोर में इस समय धार्मिक वातावरण बना हुआ है। एक तरफ सीहोर की धरती पर प्रसिद्ध संत अक्षय सागरजी महाराज का आगमन हुआ है तो वहीं कुबेरेश्वर धाम में भी गुरूपूर्णिमा महोत्सव का आयोजन चल रहा है। वरिष्ठ नेता जसपाल सिंह अरोरा ने नगरवासियों सहित क्षेत्रवासियों से भी अपील की है कि वे सीहोर नगर में पधारे प्रसिद्ध संत अक्षय सागरजी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करें तो वहीं कुबेरेश्वर धाम पहुंचकर कथा का श्रवण भी करें और अपने जीवन को सार्थक बनाएं। इस दौरान जसपाल सिंह अरोरा मित्रमंडल एवं उनके समर्थक भी मौजूद रहे।

## मारपीट करने वालों पर कार्रवाई करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



जिले के ग्राम झागरिया का पीड़ित कृषक बद्री प्रसाद पिता गप्पुलाल ने क्षेत्रीय थाना दोराहा में आवेदन दिया। जिसमें बताया गया कि अनावेदकगण अजमल पिता जीतमल, भैयालाल पिता जीतमल निवासी ग्राम लसुडिय़ा पठार, ब्रजलाल पिता गप्पुलाल, बंटी पिता ब्रजलाल, निवासी कालापीपल मण्डी, रूपसिंह पिता गप्पुलाल, घनश्याम पिता रूप सिंह, निवासी ग्राम झागरिया, रोहित मीना पिता रामदयाल, सुनील मीना पिता रामदयाल, निवासी ग्राम छापरी दिनांक 28 मई को रात्रि लगभग 8:30 बजे धारदार हथियार लेकर मेंरे घर ग्राम झागरिया आये तोड़ फोड़ की और मुझ आवेदक के पुत्र सतीश मीना पर जानलेवा हमला किया। जिससे सतीष का एक पैर हाथ फैक्चर हो गया और शरीर के अन्य भागो में अंदरूनी चोटें व गंभीर घाव के निशान आये, अजमल मीना ने स्वाति मीना को थप्पड मारे और गले पर चाकू रखकर बोला कि बता रकम और पैसे कहा पर रखे है तो स्वाति मीना डरकर बताया कि रकम और पैसे पलंग पेटी में रखे हुए है। जिसमें दो तोला का सोने का हार, एक तोला का सोने का मंगलसूत्र, 900 ग्राम का चांदी करधोना, 600 ग्राम की पाजेव और तीन लाख चौरासी हजार रूपये नगद राशि लूटने के पश्चात मेरी बेटी स्वाती एवं पत्नि ललता बाई पर भी जानलेवा हमला किया । अनावेदकगणों द्वारा जानलेवा हमला कर सारा सामान लूट कर ले गये, मैं पड़ोस के ही गाँव ही मिट्ठु खेड़ी भागवत कथा में गया था। जिसकी सूचना मुझे मिली मैं तत्काल घर आया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस आई और पीड़ितों को थाने में लेकर गई और स्थानीय दोराहा चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार उपरांत भोपाल रिफर कर दिया गया। कार्यवाही के अभाव में दबंग अनावेदक हमलावर अभी तक बैखौफ घूम रहे हैं। तक सतीष को कोई पता नही चल पाया है व पुलिस प्रशासन द्वारा हमलावरों को गिरफ्तार नही किया गया है, जिसके कारण पीड़ित के पुत्र को कोई पता नही चलने व हमलावरों की दहशतगर्दी के कारण पीड़ित परिवार इतना डरा सहमा है कि घर छोडक़र दर-दर की ठोकर खाने व न्याय की गुहार लगाने को विवश है। परन्तु अभी पीड़ित के पुत्र का कहीं पता नही चला है और अनावेकदकों को गिरफ्तार कर जैल भी नही भेजा गया है, पीड़ित परिवार की फसल भी खराब हो रही है, मेवेशियाँ भुखी प्यासी रह रही है। पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक से भी न्याय की गुहार लगाई है।

## गाजे-बाजे के साथ अखंड मंडलेश्वर धाम पहुंचे भगवान श्री जगन्नाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

अखंड मंडलेश्वर धाम डोंगरवाड़ा का रथ यात्रा महोत्सव के दौरान शनिवार को भगवान जगन्नाथ डोंगरवाड़ा पहुंचे। विदित हो कि भगवान 27 जून से गुंडिचा भवन में विराजमान थे। भगवान प्रातः गुंडीचा भवन से अखंड मंडलेश्वर धाम के लिए रवाना हुए। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु रथ यात्रा में सम्मिलित हुए और धर्म लाभ अर्जित किया। भगवान की रथ यात्रा मालाखेड़ी चौराहा, बड़ चौराहा, कलेक्टर बंगला के सामने, कोठी बाजार, विवेकानंद घाट, भोपाल चौराहा, रसूलिया, एसपीएम, फेफरताल होते हुए डोंगरवाड़ा पहुंची। इस दौरान मार्ग में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान की पूजन अर्चना की और यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का जोरदार स्वागत भी किया।

## मूंग उपार्जन को लेकर राकिसं ने कलेक्टर से की चर्चा, बोले 12 क्विंटल प्रति हेक्टेयर खरीदे सरकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

मूंग उपार्जन को लेकर कलेक्टर सोनिया मीणा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ की बैठक संबंधित सभी अधिकारियों के साथ आज संपन्न हुई जिसमें प्रति हेक्टेयर 12 क्विंटल मूंग न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी जाएगी जिसमें एक किसान से मात्र 100 क्विंटल मूंग खरीदी जाएगी। प्रथम दिन 40 क्विंटल, दूसरे दिन 40 क्विंटल तीसरे दिन 20 कुंटल इस प्रकार से तीनदिन में 100 क्विंटल का तीन बार में बिल बनवा सकेंगे। मूंग एफएक्यू ही खरीदी जावेगी। सभी किसान अपने घर से अपनी मूंग को साफ करके लावे एवं एक दिन में मात्र 40 क्विंटल ही लावे अन्यथा आपकी मूंग ढेर लगाकर वेयरहाउस में राखी रहेगी जिसकी गारंटी आप स्वयं की होगी। बैठक में राकिसं के पदाधिकारी प्रदेश मंत्री रमाकांत मीणा प्रदेश अध्यक्ष महिला बिंग गीता मीणा जिला अध्यक्ष शिवराज राजोरिया ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र, जिला उपाध्यक्ष विक्रम सिंह रघुवंशी आदि मौजूद थे।

## बमुलिया रायमल में हुआ कन्या भोजन



**जावर।** ग्राम बमुलिया रायमल माता मंदिर में हुआ कन्या भोजन गांव में सुख समृद्धि के लिए देव बाबा की कृपा से ग्राम बमुलिया रायमल में देवता जागरण एवं कन्या भोजन हुआ सभी ग्रामीण जनों के सहयोग के साथ ग्रामीणों और किसानों ने अच्छी फसल की कामना की।

## देवशयनी एकादशी पर खाटू श्याम के दरबार में दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालुओं ने खिचड़ी और फलों का लगाया भोग





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

देवशयनी एकादशी हिंदू धर्म के सबसे महत्वपूर्ण और पवित्र दिनों में से एक है। यह पावन पर्व आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को मनाया जाता है, जो मुख्य रूप से भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी को समर्पित है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन से भगवान विष्णु चार मास के लिए क्षीर सागर में योग निद्रा में चले जाते हैं। रविवार को देवशयनी एकादशी पर सैकड़ाखेड़ी पर स्थिति बाबा खाटू श्याम के मंदिर पर शहर सहित जिले भर से श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे। खाटू श्याम मंदिर के संस्थापक ऋषि सोलंकी, सचिव संदीप सोलंकी ने बताया कि देवशयनी एकादशी पर सीहोर, भोपाल, आष्टा, इछावर सहित आसपास के श्रद्धालु बडी संख्या में दर्शन करने पहुंचे। कई पैदल श्रद्धालुओं का जत्था बाबा श्याम का निशान लेकर पहुंचे। मंदिर पर सुबह विशेष आरती कर ढाई क्विंटल फल और 51 किलो खिचड़ी का भोग लगाया। मंदिर समिति के जगदीश सोलंकी ने बताया कि बाबा के दरबार में प्रत्येक एकादशी पर श्रद्धालुओं द्वारा बाबा श्याम के भजनों की प्रस्तुति दी जाती है, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय बन जाता है। बाबा श्याम का आकर्षक श्रृंगार भक्तों को अपनी ओर आकर्षित करता है। वही श्रद्धालु अपनी मनोकामना लेकर दरबार में अर्जी लगाने पहुंचते है। मनोकामना पूर्ण होने पर दोबारा मंदिर में आकर मत्था टेकते है। मंदिर में व्यवस्थाओं को लेकर समिति के जगदीश सोलंकी, मांगीलाल सोलंकी, ओमप्रकाश सोलंकी, ऋषि सोलंकी, नितिन सोलंकी, मनीष सोलंकी, संदीप सोलंकी सहित सदस्यों का भी विशेष सहयोग रहता है।

### विहिप बजरंग दल ने एक से सात तक चलने वाले अभियान की शुरुआत की

# पौधरोपण के साथ मंदिरों की करेंगे साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जावर



1 जुलाई से 7 जुलाई तक बजरंग दल द्वारा चलाए जा रहे हैं अभियान में अधिक से अधिक संख्या में पौधरोपण मंदिरों की साफ सफाई गोशालाओं की साफ सफाई के आयोजन कर रहा है। इसी संदर्भ में जावर प्रखंड में खेड़ापति मंदिर जावर में शनि मंदिर में साफ सफाई की एवं पौधरोपण किया जावर प्रखंड के मेहतवाड़ा खंड में कबीर आश्रम में आश्रम की साफ सफाई एवं संत का सम्मान किया तत्पश्चात कबीर आश्रम पर वृक्षारोपण किया भैरव मंदिर में पौधरोपण किया।

किए गए इस आयोजन में विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सेवा प्रमुख गोपाल दास राठी, जिला धर्म प्रसार अध्यक्ष जगदीश कुशवाहा, दुर्गेश, अमित राठौड़ नगर मेहतवाड़ा के वरिष्ठ समाजसेवी अके सिंह, मोहनलाल भावसार, रूपचंद जैन, रूप सिंह , राजेश शर्मा, शोभाल सिंह, की उपस्थिति में एवं जिला मठ मंदिर प्रमुख धीरज सिंह ठाकुर ,जिला सुरक्षा प्रमुख राकेश सिंह ठाकुर ,जावर प्रखंड अध्यक्ष लखन सिंह ठाकुर ,प्रखंड उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह ठाकुर, बलवान सिंह ठाकुर, प्रखंड संयोजक अंकुर बिल्लौरे, प्रखंड सत्संग प्रमुख हटे सिंह,प्रखंड सह संयोजक महेंद्र सिंह एवं प्रखंड एवं नगर के कार्यकर्ताओं के साथ सेवा सप्ताह मनाया चार जगह पर पौधरोपण किया। इसी के साथ ही कबीर आश्रम और श्री खेड़ापति मंदिर जावर, शनि मंदिर, बाबा लाखन धाम में स्वच्छता अभियान भी चलाया।

# नव चेतना सेवा समिति ने प्रदान की टॉपर छात्र गोविंद मालवीय की फीस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर




वर्ष 2025 की कक्षा 12वीं बायो 95.2 प्रतिशत से उत्तीर्ण शा.सी एम राइस स्कूल आष्टा के छात्र गोविंद मालवीय पिता राम सिंह मालवीय ग्राम हराज खेड़ी तहसील आष्टा जिला सीहोर ने माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल म.प्र.की प्रवीण सूची में 8व स्थान प्राप्त किया है। आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण छात्र अपनी नीट कोचिंग की फीस भरने में असमर्थ था गोविंद ने बताया कि पिता ड्राइवर का काम करते हैं, ऐसे में नीट कोचिंग की फीस जमा करने में बहुत परेशानी हो रही है। 20000 रिश्तेदार से उधर लेकर भरे, बाकी फीस के लिए लोन लिया। तब गोविन्द के शिक्षक जितेन्द्र धनवाल ने नव चेतना सेवा समिति से संपर्क किया और छात्र की जानकारी प्रदान की। समिति ने आर्थिक स्थिति पता करने पर पाया की बहन आरती के नाम से बजाज फाइनेंस से लोन लेने की बात सामने आई। समिति के संरक्षक आसी सिलोदिया और कोर कमेटी के सदस्यों के दिशा निर्देश अनुसार समिति ने 6250 नेफ्ट एक किस्त और 44350 राशि चेक के माध्यम से बाउंसिंग चार्ज सहित 50600 समिति ने बजाज फाइनेंस को प्रदान की। इस मौके पर समिति अध्यक्ष प्रो.देव सिंह मालवीय सचिव डॉ.कैलाश चंद्र बिलोदिया, बिहारी लाल मालवीय, इंदौर जिला अध्यक्ष देवी सिंह गहलोत, प्रदेश महामंत्री डॉ देवेंद्र मालवीय, सदस्य डॉ ओमप्रकाश नागवंशी, जयनारायण कोगरे, धर्मेंद्र मालवीय शिक्षक, सचिन मालवीय प.सचिव आदि द्वारा आकाश कोचिंग क्लासेस गीता भवन चौराहा इंदौर के टीचर और फाइनेंसर को बुलाकर शुल्क राशि का चेक प्रदान किया।

### बारिश पूर्व नहीं दिया ध्यान, अब हादसों का कारण बनी राजगढ़ की सड़कें, जिम्मेदार मौन साधकर बने मूकदर्शक

# मेन मार्केट सहित अन्य सड़कों के दर्जनभर गड्ढों से वाहन चालक सहित राहगीर परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

नगर पालिका के जिम्मेदारों की अनदेखी का सजा नगरवासियों को खासी परेशानियों के रूप में उठानी पड़ रहा है।

दरअसल, बारिश के पूर्व नगर की विभिन्न मुख्य सड़कों एवं आंतरिक मार्गों पर हुए गड्ढों को रिपेयर करवाने की तरफ तनिक भी नहीं सोचा गया। ऐसे में अब बारिश के मौसम में ये गड्ढेनुमा सड़कें अब और ज्यादा परेशानी का सबब बन चुकी हैं। गड्ढों में भराने वाला बारिश का पानी न केवल वाहन चालकों बल्कि पैदल राहगीरों के लिए भी खासी मुसीबत बना हुआ है। जब मटमैले पानी से लबरेज इन गड्ढों पर से कोई वाहन गुजरता है तो गंदा पानी सीधे पैदल चल रहे राहगीरों के ऊपर गिरकर लोगों के कपड़े खराब कर देता है।

इसके साथ ही इन गड्ढों के कारण वाहन चालकों को भी वाहन चलाने में खासी मुसीबतें उठानी पड़ रही हैं। नगर के मेन मार्केट सहित आवाजाही वाली कईं सड़कों एवं आंतरिक मार्गों पर अनेकों जगह ऐसे हालात बने हुए हैं जिसके चलते आमजन परेशान हैं।





## आधी सड़क चकपक तो आधी पर अनेकों गड्ढे

करीब डेढ़ वर्ष पूर्व मुख्यमंत्री अधोसरंचना विकास के तहत मेन मार्केट की मुख्य सड़क पर चैड़ीकरण एवं डामरीकरण करवाया गया था। लेकिन यह कार्य महज नाका नंबर-3 से लेकर रानी लक्ष्मी चैराहे तक ही सीमित होकर रह गया। रानी लक्ष्मी चैराहे से किला क्षेत्र के दोनों तरफ की सड़कों (सब्जी बाजार एवं पारायण चैक) को बगैर डामरीकरण के ही छोड़ दिया गया था क्योंकि इनका निर्माण प्रस्ताव में शामिल ही नहीं था। ऐसे में वर्तमान हालात यह है कि आधे राजगढ़ की मेन मार्केट की आधी सड़क तो चकपक नजर आती है लेकिन आधे मार्केट की सड़क दर्जनों गड्ढों से पटी हुई है।

## किला गेट के समीप हो रहीं दुर्घटनाएं

किला क्षेत्र में इतवारिया गेट के ढलान पर हो रहे गड्ढों के कारण भी बाईक चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। ढलान और घुमाव वाली सड़क पर गड्ढे होने से वाहन चालक खासकर बाईक सवार संतुलन खो बैठते हैं और असंतुलित होकर हादसे का शिकार हो रहे हैं। इसी तरह की स्थिति राजेश्वर कान्वेंट स्कूल के थोड़ा आगे चर्च के ठीक सामने वाली सड़क पर भी बनी हुई है।

## राजेश्वर कॉन्वेंट स्कूल वाली सड़क गड्ढों से पटी

प्रतिदिन सैकड़ों वाहनों की आवाजाही वाली राजेश्वर कान्वेंट स्कूल होते हुए जिला अस्पताल एवं खिलचीपुर नाके जाने वाली सड़क पर कईं जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो रहे हैं। स्थानीय पाटी वाली माताजी मंदिर के ठीक सामने हुए कईं गड्ढों के कारण बाईक चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। दिन के साथ-साथ रात्रि के समय इस सड़क पर सबसे ज्यादा दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है।

## आकाशीय बिजली से हुआ नुकसान

**माचलपुर।** नगर के आवास कालोनी में शनिवार रात्रि में भारी बारिश और आकाशीय बिजली के छर्रे गिराने से नुकसान हुआ है नगर के आवास कालोनी में निवास करने वाले फुलसिह राठौर की छत पर गड्डे हो गए वही पास में निवासरत पीरूलाल खटीक, नारायण वर्मा ,रामचंद्र राठौरआदि के बिजली उपकरणों में नुकसान हुआ है साथ फाल्ट होने से ही बिजली सप्लाई भी लम्बे समय तक बाधित हुई जिसको लाइनमैन मुन्नालाल कन्हियालाल दांगी, देवीलाल दांगी कुशाल दांगी ने कनिष्ठयंत्री मनोजकुमार के साथ गिरते हुई बारिश में सप्लाई सुचारू की।



### खुजनेर खाटू धाम पर देव शयनी एकादशी मनाने लाखों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

# घंटों इंतजार व लंबी कतारों में लगकर श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुजनेर

मालवा के नाम से प्रसिद्ध कलयुग के अवतारी बाबा श्याम के यह देव शयनी एकादशी पर लाखों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं 1 किमी तक लंबा तांता भक्तजनों का लगा रहा देव शयनी एकादशी पर खाटू श्याम के दर्शन करने रविवार सुबह से शाम तक दूर दूर से भक्तजन श्री खाटू श्याम के दरबार पहुंचे जहा कई श्याम भक्त पैदल चलकर निशान यात्रा लेकर पहुंचे तो कोई दंडवत करता पहुंचा श्री खाटू श्याम का अलौकिक श्रृंगार मंगल आरती की गई श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो जिसके लिए 50 से अधिक सेवादार द्वारा सेवा दी जाती हैं हर एकादशी पर पूरा शहर श्याम के रंग में रंगा नजर आता है।

श्री श्याम के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा है रविवार को अनुमान से ज्यादा संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे जिससे छोटे बच्चों बड़े बुजुर्गों में धक्का मुक्की भी होती रही मंदिर समिति पुलिस प्रशाशन द्वारा आने वाले श्रद्धालु से शांति व्यवस्था



बनाने व मोबाइल कीमती वस्तु का ध्यान रखने की अपील भी की गई भीड़ बढ़ने का कारण यह कि आसपास के क्षेत्रों के किसानों ने बोवनी से फ्री होने से श्री श्याम मंदिर पर परिवार सहित दर्शन करने पहुंचे हैं मालवा खाटू एकादशी फलाहारी प्रसादी वितरण केन्द्र द्वारा दिनभर श्रद्धालुओं को फरियाल का प्रसाद वितरण किया गया है।

खाटू श्याम मंदिर पर लगातार बड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ से अव्यवस्था बनने पर क्षेत्रिय विधायक अमर सिंह यादव द्वारा व्यवस्था को समुचित कराया है।

## मंदिर परिसर रोड के साथ ही नगर में लगा लंबा जाम

श्री खाटू श्याम के दर्शन को बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ से मंदिर परिसर रोड व नगर के अंदर मुख्य चैराहा पर वाहनों से जाम की अव्यवस्था भी बनी रही थी ,पुलिस प्रशाशन द्वारा भी जगह जगह पुलिस जवानों की ड्यूटी लगाई थी लेकिन बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं से कई अव्यवस्था जैसी स्थिति बनी आवागमन करने वाले लोगों को मशक्कत का सामना भी करना पड़ा।

# आजाद अध्यापक शिक्षक संघ की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कालापीपल

सोमवार को कालापीपल विकासखंड के समस्त अध्यापक शिक्षक साथियों की आजाद अध्यापक शिक्षक संघ मध्य प्रदेश द्वारा बैठक आयोजित की गई। बैठक में समस्त ब्लॉक के शिक्षक शिक्षिकाओं ने उपस्थित रहकर संगठन द्वारा ई-अटेंडेंस का विरोध, सातवें वेतनमान के एरियर की पांचवी किश्त, क्रमोन्नती के एरियर आदि कई विषयों पर चर्चा की। उपस्थित शिक्षकों ने संगठन के साथ एकजुटता दिखाते हुए सभी विषयों पर समाधान के लिए एक मत होकर निराकरण के लिए आगामी रणनीतियों पर खुलकर अपने विचार रखे। बैठक में आजाद अध्यापक शिक्षक संघ जिला इकाई शाजापुर के जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार मंडलोई द्वारा सभी शिक्षकों को विस्तार से इन विषयों पर बातचीत कर समझाया गया।

इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी ने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को संबोधित कर ब्लॉक इकाई को मजबूत करने एवं संकुल स्तर पर संकुल इकाइयों का गठन करने पर




अपनी बात रखी। सभी शिक्षकों द्वारा संगठन के आह्वान पर एकजुट होकर साथ खड़े होने की प्रतिबद्धता दोहराई। बैठक में बीएससी उमेश मालवीय एवं दर्पण कुमार गुप्ता द्वारा अध्यापकों के हितों की रक्षा के लिए संगठन को मजबूत करने एवं शिक्षकों का भविष्य सुरक्षित करने के लिए संगठन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने की बात कही। बैठक में उपस्थित राजेश मेवाड़ा द्वारा संगठन का इस ओर भी ध्यान आकर्षित किया गया कि शिक्षकों को संगठन के साथ जुड़कर रहना एवं सहयोग प्रदान करना आवश्यक है। यदि कोई शिक्षक संगठन का सहयोग नहीं कर रहा है तो उसे संगठन की संपूर्ण प्रक्रियाओं से अवगत न कराया जाए।

बैठक में ब्लॉक के कई शिक्षक फूल सिंह मीणा, शिवनारायण परमार, रामनारायण परमार, संतोष जायसवाल, राकेश गोस्वामी, राजेंद्र सोनी, साधना सोनी, एवं अन्य कई संकुल खरदौन कला, बेहरावल, रनायल, कालापीपल के शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहे। आगामी 13 जुलाई को जिला स्तर पर तिरंगा यात्रा रैली निकालते हुए कलेक्टर महोदय को ज्ञापन देने के लिए अधिक से अधिक संख्या में शिक्षकों को उपस्थित रहने का भी आह्वान किया गया।

# राज्य मंत्री टेटवाल ने सिविल अस्पताल का निरीक्षण कर मरीजों के साथ किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

रविवार को राज्य मंत्री डॉ गौतम टेटवाल ने सिविल अस्पताल सारंगपुर का औचक निरीक्षण किया। मंत्री टेटवाल ने अस्पताल पहुंचते ही सबसे पहले इमरजेंसी वार्ड का दौरा किया और उस वार्ड में दाखिल मरीजों से अस्पताल प्रशासन द्वारा दी जा रही सभी सुविधाओं के बारे में पूछा।

इसके बाद मंत्री टेटवाल ने मरीजों से संवाद किया और उनकी स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली तथा सेवा में समर्पित डाक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की कार्यशैली को देखकर प्रसन्नता हुई उनका समर्पण वास्तव में प्रशंसनीय हैं। तथा अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी डॉ.मनीष चैहान सहित समस्त स्टाफ से चर्चा कर व्यवस्थाओं की



जानकारी ली और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने हेतु आवश्यक सुझाव सा किए।

इस दौरान मंत्री टेटवाल ने कहा कि हमारा लक्ष्य हर नागरिक को समय पर गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान हो एवं अस्पताल प्रशासन एवं समस्त स्वास्थ्यकर्मियों के योगदान के लिए हृदय से धन्यवाद प्रेषित किया।

# राजगुरु श्री जगदानंद महाराज की प्रतिमा का किया अनावरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

स्थानीय रामलीला कॉलोनी में राजगढ़ के राजगरू स्वामी जगदानंदजी महाराज के समाधिक स्थल परिसर में उनकी प्रतिमा का रविवार को लोकार्पण किया गया। इस दौरान उपस्थित अतिथियों ने स्वामी जगदानंद महाराज की शिक्षाओं एवं जीवन वृत्त पर प्रकाश डालते हुए उनकी विरासत को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

रविवार को हुए मूर्ति अनावरण के पूर्व 4 जुलाई को रामायण पाठ एवं मूर्तिवास कार्यक्रम उपरान्त अगले दिवस रामायण पाठ का समापन एवं हवन शांति आयोजित की गई। रविवार को परिसर में आयोजित भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें अनेकों श्रृद्धालुओं ने प्रसादी गृहण की।

रविवार को एकादशी के चलते व्रती श्रृद्धालुओं के लिए फलाहारी प्रसादी की व्यवस्था भी आयोजकों द्वारा करवाई गई थी। इस अवसर पर पीठाधीश चंद्रकांत भार्गव, पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, अरुणा मनोज हाड़ा, गिर्राज शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

# बजरंग दल ने सेवा सप्ताह में की मंदिर परिसर सफाई, पौधरोपण भी किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुजनेर

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का प्रतिवर्ष अनुसार सेवा सप्ताह चलता है जो कि 1 जुलाई से 7 जुलाई तक निरंतर चलता इसी के अंतर्गत राजगढ़ जिले के प्रखंड खुजनेर में रविवार को सेवा कार्य किए गए जिसमें खुजनेर बस स्टेंड के पास नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर पर विहिप बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा मंदिर में साफ सफाई करने के पश्चात वृक्षारोपण का कार्य किया गया।

इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष नारायण कुंभकार, जिला सह मंत्री कमल किरार व प्रखण्ड अध्यक्ष पवन सोंधिया, सहसंयोजक भगवान सिंह, गौ रक्षा प्रमुख रामेश्वर बैरागी, सुरक्षा प्रमुख अनिल नगर अध्यक्ष दीपक किस्मत यादव सहित बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी के कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## *बजरंग दल ने सेवा सप्ताह के तहत श्रमदान से सफाई की*



**सारंगपुर।** विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल ने सेवा सप्ताह के तहत रविवार को नगर के प्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र कपिलेश्वर मंदिर प्रांगण एवं जीवनदायनी कालीसिंध नदी पर श्रमदान कर सफाई की। श्रमदान की शुरुआत बजरंग दल जिला संयोजक निकेश पुष्पद के आतिथ्य में किया गया । श्रमदान की जानकारी देते हुए बजरंग दल प्रखंड अध्यक्ष इंदर सिंह चावलकर ने बताया कि सेवा संस्कार और नदी संरक्षण के संकल्प के साथ कपिलेश्वर तीर्थ स्थल महादेव मंदिर एवं जीवनदायनी कालीसिंध नदी पर श्रमदान कर सफाई की तथा कहा कि इस वर्ष 30 जुलाई तक सेवा सप्ताह मनाया जाएगा। जिसमें मंदिरों की सफाई, प्राचीन बावड़ियों आदि की सफाई, प्लास्टिक मुक्त, पौधरोपण आदि कार्यक्रम होंगे। इस अवसर पर प्रखंड संयोजक अभिषेक,नगर मंत्री शिवम राठौर, रामलखन प्रजापति, गोरक्षा प्रमुख अजय पुष्पद,प्रचार प्रमुख रवि पुष्पद,मोनू ठाकुर,सत्संग प्रमुख विक्की सुनेरिया,दीपक मीणा,पवन धनगर सहित बजरंग दल के कार्यकर्ता मौजूद थे।

# शिया समाज ने काजीवाड़ा से निकाला ताजिये का मातमी जुलूस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

रविवार को योमे आशूरा मोहर्रम की 10वीं तारीख के मौके पर दोपहर दो बजे से काजीवाड़ा से ताजिये का मातमी जुलूस शिया समाज के द्वारा निकाला गया। जो कि हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद ताजा करने व गम मनाने के लिये हर वर्ष निकाला जाता है। समाज के लोग हर वर्ष इमाम हुसैन की शहादत का गम मोहर्रम माह की 1 से लेकर 10 तारीख तक रोज शाम मातम मजलिस करके और गरीबों को खाना खिलाकर मनाते है। इस मौके पर सभी समाज के लोग हजरत इमाम हुसैन की याद में इस जुलूस में शामिल होकर अपनी अकीदत पेश करते है।

उल्लेखनीय हैं कि आज से करीब 1400 साल पहले करबला में हक और बातिल के बीच हुई जंग में हक का साथ देते हुवे नबी के नवासे



हजरत इमाम हुसैन ने अपने पुरे कुनबे के साथ शहादत दी। इसलिये आज का दिन शिया समाज बहुत गम के साथ मनाते है। इस मौके पर आमिल हुसैन काजी, साजिद हुसैन काजी, नफीस हुसैन काजी,बोहरा समाज सहित अंजुमन कमेटी सदर एमए अलीम बाबा कुरैशी,रफीक अली,आबिद लोदी,निजाम कुरैशी सहित अन्य लोग मौजूद थे। सुरक्षा व्यवस्था में एसडीएम रोहित बम्होरे,एसडीओपी अरविंद सिंह थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा अपने सुरक्षा बल के साथ तैनात थे।

### पंच परिवर्तन के होने से होगा समाज का उत्थान : सेन

# भारतीय मजदूर संघ का परिचय एवं अभ्यास वर्ग का हुआ आयोजन, कार्यकर्ताओं को बताई संगठन की रीति-नीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ़

स्थानीय डे केयर सेंटर में भारतीय मजदूर संघ का एक दिवसीय परिचय एवं अभ्यास वर्ग का आयोजन किया गया। इस वर्ग में भारतीय मजदूर संघ के कार्यकर्ताओं को संगठन की रीतिनीति की जानकारी दी गई, साथ ही आगामी कार्ययोजना बनाई गई। वर्ग में मुख्य वक्ता के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश सेन उपस्थित रहे। उन्होंने इस अवसर पर पंच परिवर्तन विषय पर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि समाज में परिवर्तन लाकर भारत को परम वैभव पर पहुंचाया जा सकता है। इसके लिए सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक




कर्तव्य और स्व का बोध जैसे विषयों से परिवर्तन की शुरुआत की जाएगी तो निश्चित हमारा भारत पुनउत्थान की ओर बढ़ेगा। उन्होंने इस विषय पर देश के सामने की चुनौतियां और भारत के संघर्ष के बारे में भी बताया। इस मौके पर भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री एडवोकेट संजय शेखर शर्मा ने भारतीय मजदूर संघ की स्थापना उद्देश्य के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय मजदूर संघ देशभक्ति के साथ श्रमिक हित में कार्य करता है। कार्यक्रम में आभार भारतीय मधु संघ के तहसील अध्यक्ष जितेंद्र सिंह राजपूत ने व्यक्त किया। जबकि कार्यक्रम संचालन भारतीय मजदूर संघ के तहसील मंत्री रोहित सक्सेना ने किया। कार्यक्रम को जिला अध्यक्ष राजेश सक्सेना एवं बापू सुमन ने भी संबोधित किया। इस मौके पर भारतीय मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष राजेश सक्सेना, पेंशनर एसोसिएशन के जिला संयोजक बापू सुमन, विद्युत विभाग पेंशनर संघ के जिला संयोजक अशोक मिश्रा, हम्माल तुलावटी मजदूर महासंघ के प्रदेश मंत्री राजेंद्र सिंह उमठ एवं धीरज नगर ब्यावरा, आदि लोग उपस्थित थे।

### श्रीमद् भागवत कथा में पहुंचे मंत्री पंवार किया पूजन व आरती

# जब कंस ने सभी मर्यादाएं तोड़ दी, तो प्रभु श्रीकृष्ण का जन्म हुआ: पंडित रमेश चंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

वैष्णो देवी मंदिर परिसर में बाल भक्त मंडली एवं वैष्णो देवी मंदिर ट्रस्ट परिवार के द्वारा चल रही सात दिवसीय श्रीमदभागवत कथा ज्ञानयज्ञ के चैथे दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया।कथा में पहुंचे मध्य प्रदेश शासन के मंत्री श्री नारायण सिंह पंवार ने भागवत भूषण पंडित रमेश चंद्र शर्मा का साफा पहन कर माला पहनकर भागवत भगवान का पूजन किया। श्री कृष्ण जन्म के मौके पर मंत्री पंवार ने कन्हैया को गोद में लेकर बोले नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्र सिंह सोंधिया,पूर्व विधायक रामचंद्र डांगी, भाजपा जिला महामंत्री अमित शर्मा मंडल अध्यक्ष राजू यादव मंडल अध्यक्ष राजू यादव पार्षद विष्णु साहू ने भी भागवत भगवान का पूजन किया महा आरती की। पंडित रमेश



चंद्र शर्मा ने प्रसिद्ध भजन 'नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' पर सभी श्रद्धालु काफी देर तक झूमते व थिरकते रहे. श्रीकृष्ण-जन्मोत्सव कार्यक्रम को लेकर कथा पंडाल को गुब्बारे व फूल-माला से आकर्षक ढंग से सजाया गया था. मटकी फोड़ का भी आयोजन किया गया। नंदलाल के द्वारा कथावाचक पंडित रमेश चंद्र शर्मा ने प्रवचन के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन कर धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष की महत्ता पर व्याख्यान किया. कथावाचक ने कहा कि जब-जब अत्याचार, अनाचार व अन्याय बढा है, तब-तब प्रभु का अवतार होता है।

अत्याचार को समाप्त कर धर्म की स्थापना को लेकर ही प्रभु का अलग-अलग रूपों में अवतार होता है. जब कंस ने सभी मर्यादाएं तोड दी, तो प्रभु श्रीकृष्ण का जन्म हुआ। कथा के दौरान बासुदेव, यशोदा व श्रीकृष्ण के बाल-रूप की झांकी देख सभी श्रद्धालु जयकारा लगाते हुए नृत्य करने लगे श्री कृष्ण जन्म उत्सव के बाद सभी ने भागवत भगवान की आरती की पर प्रसादी लेकर ही अपने घर की ओर प्रस्थान किया। 10 जुलाई को पंडित रमेश चंद्र शर्मा के सानिध्य में भव्य गुरु पूर्णिमा उत्सव मंदिर परिसर में मनाया जाएगा।